Shri Raghav Chadha.

**Concern over development work in Punjab**

SHRI RAGHAV CHADHA (Punjab): Thank you, Sir, for permitting me to speak on the Special Mention on a subject that concerns my State. The topic is, concern over development works in Punjab. महोदय, आज मैं पंजाब का प्रतिनिधि होने के नाते, मेरे सूबे पंजाब के हक़ों के लिए, बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। पंजाब वह सूबा है जिसने देश के लिए सबसे ज्यादा कुर्बानियाँ दीं। पंजाब ने देश को हरित क्रांति दी और देश के मुश्किल दौर में पेट पाला। देश की आजादी से लेकर आज तक पंजाब और पंजाबियों ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। पंजाब भारत का ब्रेड बास्केट कहलाता है और हमारे किसान, जिन्होंने अपना सब कुछ देश के नाम कर दिया, आज मैं उस किसान की आवाज बनकर यहाँ खड़ा हुआ हूँ।

आज पंजाब की अलग-अलग योजनाओं के हजारों करोड़ रुपए, जो केंद्र ने हमें देने थे, वे रुके हुए हैं। लंबित रूरल डेवलपमेंट फंड के 5,600 करोड़ रुपये, लंबित मंडी डेवलपमेंट फंड के 1,100 करोड़ रुपये, लंबित नेशनल हेल्थ मिशन के 1,100 करोड़ रुपये, लंबित समग्र शिक्षा के 180 करोड़ रुपये, स्पेशल Assistance for Capital Creation के 1,800 करोड़ रुपये हैं। हमने बार-बार इस फंड को जारी करने की मांग रखी है। आज मैं एक बार फिर 3 करोड़ पंजाबियों की तरफ से केंद्र सरकार से अपील करता हूँ कि हमारा फंड हमें जारी किया जाए, जिससे पंजाब में विकास कार्य पूरे हो सकें, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. The following hon. Members associated themselves with the Special Mention Made by the hon. Member, Shri Raghav Chadha: Shri Jaggesh (Karnataka), Ms. Dola Sen (West Bengal), Dr. Ashok Kumar Mittal (Punjab), Shri Sanjeev Arora (Punjab), Shri A.A. Rahim (Kerala), Dr. John Brittas (Kerala), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu) and Shri Sant Balbir Singh (Punjab).

Now, Shri Muzibulla Khan.

**Demand to establish full-fledged AIIMS in Koraput, Sambalpur and Balasore**

**श्री मुजीबुल्ला खान** (ओडिशा): महोदय, कोरापुट, संबलपुर और बालासोर में समर्पित एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) की स्थापना की सख्त जरूरत है। इस कदम का उद्देश्य राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का विस्तार और सुधार करना है, ताकि इसे ओडिशा के निवासियों के लिए अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया जा सके। ओडिशा ने स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय प्रगति की है, विशेष रूप से बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) के माध्यम से, जिसने अपनी उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। बीएसकेवाई ने पूरे राज्य में व्यापक स्वास्थ्य सेवा कवरेज प्रदान करने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने में नए मानक स्थापित किए हैं।